कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 29.02.2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 10 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस वर्ष की थीम थी ''विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक'' इसके अन्तर्गत दिनांक 20.02.2024 को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी प्रभारी डॉ. एम.लक्ष्मी प्रसुना थी। जिसमें कु. कामनी नायक एवं स्नेहलता को प्रथम तथा कु. कावेरी कुम्भकार एवं चंचल राजपूत को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। दिनांक 21.02.2024 को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसकी प्रभारी डॉ. लता मेश्राम एवं डॉ. मोहम्मद शोयेब थे। जिसमें कु. प्रियंका को प्रथम, कु. ओमेश्वरी को द्वितीय एवं कु. सृष्टि व कु. सुनिति को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार दिनांक 22.02.2024 को क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी प्रभारी डॉ. मीरा गुप्ता थी। दिनांक 23.02.2024 को पावर प्वाईन्ट प्रेजेन्टेशन का आयोजन हुआ। जिसकी प्रभारी डॉ. यास्मीन फातिमा परवेज थी। जिसमें कु. सुष्मिता को प्रथम, कु. चंचल राजपूत व योगिनी प्रधान को द्वितीय तथा कु. हर्षिता नायक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। दिनांक 24.02.2024 को स्क्रीनिंग ऑफ साईंस फिल्म आयोजित की गई। जिसकी प्रभारी डॉ. अनुजा चौहान थी। दिनांक 26.02.2024 को नाईट स्काई शो का आयोजित किया जिसके प्रभारी श्री गणेश राम नायक एवं श्री जागृत ठाकुर थे।

दिनांक 28.02.2024 को समापन समारोह महाविद्यालय के सेमीनार हॉल में रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. अंजली अवधिया, विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र, शासकीय नागार्जुन पीजी विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर रहे जिन्होनें स्वदेशी तनीकी पर विस्तृत जानकारी दी। विशेष अतिथि श्री दुर्गेश गंजीर, डायरेक्टर एवं सीईओ, फूडग्रह प्राइवेट लिमिटेड रायपुर रहे। जिन्होनें स्वदेशी स्टार्ट–अप के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन दिया गया जिसमें उन्होनें छात्राओं को स्वदेशी तकनीक के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मीरा गुप्ता, विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र विभाग थी। कार्यक्रम का सफल संचालन कु. पिंटी देवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी प्राध्यापकों, सदस्यों एवं महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में
राष्ट्रीय विज्ञान दिवस